<u>*प्रेस विज्ञप्ति*</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>किसान चौपाल का आयोजन</u>

पंतनगर। 10 दिसम्बर 2025। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा ग्राम बघोरी कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–सितारगंज में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान चौपाल का उद्घाटन डा. बृजेश सिंह, प्राध्यापक पशुधन उत्पादन एवं प्रबन्ध विभाग द्वारा किया गया। डा. बृजेश सिंह द्वारा सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशुपालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। डा. बी.एन. शाही, प्राध्यापक, पशु प्रजनन विभाग द्वारा पशुओं में नस्ल सुधार एवं देशी नस्ल व प्रजनन सम्बन्धी जानकारी दी। डा. अमित प्रसाद द्वारा पशुओं में अन्तः एवं वाह्य परजीवी रोगों के लक्षण एवं रोकथाम व औषधियों के प्रयोग की जानकारी दी। डा. रिपुसुदन कुमार द्वारा पशु पोषण सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने की सलाह दी गयी। किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण कु. आराधना फुलार द्वारा किया गया। किसान चौपाल में कुल 78 पशु पालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

